अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 02.08.2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 05	क्रम सं0(Serial No.) 3

दवा की तस्करी करने वाला आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों ने दवा की तस्करी करने वाले एक यात्री को पकड़ा है। यात्री के पास से भारी मात्रा में दवाइयां बरामद की गई है, जिसकी कीमत 33.5 लाख रुपये आंकी गई है।

यात्री दवा को लेकर दुबई के रास्ते काबुल जा रहा था। यात्री को कस्टम विभाग के हवाले कर दिया गया है। कस्टम अधिकारी यात्री से पूछताछ कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं।

सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार देर रात एक बजे दिल्ली हवाई अड्डा के टर्मिनल तीन पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों ने एक यात्री की संदिग्ध गतिविधि देखी। जवानों ने यात्री को अपने हिरासत में ले लिया। यात्री की पहचान भारत के रहने वाले यासीन दौलत खान के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला कि वह दुबई के रास्ते काबुल जा रहा है। शक होने पर जवानों ने एक्सरे मशीन पर उसके बैग की जांच की। उसके बैग में कुछ संदिग्ध चीज दिखी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो